समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये
किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं। पूर्ण सन्दर्भ यदि हो
तो देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी।

दूरभाष : 2527532
तार : यूनिवर्सिटी
फेक्स : 731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

विश्वविद्यालय भवन,
इन्दौर–452001

क्रमांक:विकास/यूजीसी फेलोशिप/2018 | 393 दिनांक: 12 JUL 2018

प्रति,
विभागाध्यक्ष/निदेशक
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

विषयः **यूजीसी फेलोशिप में चयनित शोधार्थियों के फेलोशिप देयक/अन्य प्रपत्रों पर हस्ताक्षर एवं केनरा बैंक ब्रांच से यूजीसी के संस्थान आधारित यूजीसी पोर्टल**(Institute Based Portal) **पर शोधार्थियों के डाटा प्रवजन** (Migrate) **करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि यूजीसी फेलोशिप वर्ष 01.04.2011 से यूजीसी के नियमानुसार ऑनलाईन कर दी गई थी जिसमें चयनित शोधार्थियों को केनरा बैंक के माध्यम से सीधे शोधार्थियों के खाते में फेलोशिप भेजी जा रही थी तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र का कार्य भी केनरा बैंक के माध्यम से संपन्न हो रहा था।

निवेदन है कि यूजीसी के पत्र क्रमांक F.No.8-2/2016(SA-III)/DBT/MOU दिनांक 18.5.2018 द्वारा यूजीसी शोधार्थियों के फेलोशिप संबंधी डाटा यूजीसी फेलोशिप पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य अब केनरा बैंक द्वारा नहीं किया जावेगा तथा संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय द्वारा किया जाना है।

अवगत कराना है कि उक्त शोधार्थियों का फेलोशिप संबंधी डाटा का माइग्रेशन केनरा बैंक ब्रांच से यूजीसी के संस्थान बेस्ट पोर्टल(Institute Based Portal) पर किया जाना है।अतः उक्त प्रकरण में जिन शोधार्थियों का कार्य कैनरा बैंक द्वारा किया जा रहा था, उनके फेलोशिप से संबंधित डाटा का माइग्रेशन यूजीसी के संस्थान बेस्ट पोर्टल(Institute Based Portal) पर करने के लिए यूजीसी पोर्टल पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार जानकारी अपेक्षित है।

अतः समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक से अनुरोध है कि चूंकि छात्र के चयन से लेकर शोध अवधि तक की संपूर्ण जानकारी संबंधित विभागाध्यक्ष के पास होती है अतः नियमानुसार शोधार्थियों से संबंधित संपूर्ण जानाकरी का परीक्षण करवाकर संलग्न प्रपत्र में जानकारी संकलित कर अपने हस्ताक्षर/सील उपरांत विकास विभाग को प्रस्तुत करने का कष्ट करें जिससे चयनित शोधार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो तथा उन्हें समय–सीमा में फेलोशिप का भुगतान हो सकें।

भवदीय,

संलग्नः **डाटा प्रवजन प्रपत्र**

कुलसचिव

पृ. क्रमांक:विकास/यूजीसी फेलोशिप/2018 | 393 दिनांक: 12/07/2018

प्रतिलिपि:–

1. कुलपतिजी के सचिव, देअविवि इंदौर
2. कुलसचिव के निज सहायक, देअविवि इंदौर
   की ओर सूचनार्थ।

प्रभारी(विकास)